प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 27.05.2025 (दोपहर–1455 बजे)

भारत विभिन्न देशों में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजकर विश्व में आतंकवाद को पाकिस्तान द्वारा समर्थन दिये जाने का खुलासा कर रहा है। इसके साथ भारत आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की अपनी नीति का प्रसार भी कर रहा है।

कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने दक्षिण अमरीकी देश गयाना का दौरा किया। संवाददाताओं से बातचीत में श्री थरूर ने कहा कि गयाना ने आतंकी हमले से खुद की रक्षा करने और प्रभावशाली तरीके से कार्रवाई करने के भारत के अधिकार को समर्थन दिया।

************************

भूमि संसाधन विभाग ने पंजीकरण विधेयक 2025 के मसौदे पर जनता से 30 दिनों के भीतर सुझाव आमंत्रित किए हैं। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यह विधेयक आधुनिक, ऑनलाइन, कागज रहित और नागरिक केंद्रित पंजीकरण प्रणाली के साथ श्रेणीबद्ध है। मंत्रालय ने कहा कि समय के साथ, सार्वजनिक और निजी लेन–देन में पंजीकृत दस्तावेजों की भूमिका काफी बढ़ गई है, जो अक्सर वित्तीय, प्रशासनिक और कानूनी निर्णय लेने का आधार बनते हैं। इसलिए यह आवश्यक है कि पंजीकरण की प्रक्रिया मजबूत, विश्वसनीय और विकसित सामाजिक तथा तकनीकी विकास के अनुकूल होने में सक्षम हो।

************************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने झारखंड एकेडमिक काउंसिल की मैट्रिक परीक्षा में सफल सभी छात्र–छात्राओं को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने शिक्षकों और अभिभावकों के योगदान की भी सराहना की और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

************************

गुमला जिले की नव पदस्थापित उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने आज पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि जैसे क्षेत्रों में कार्य करते हुए जिले के विकास को गति दी जाएगी। निवर्तमान उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने गुमला के नागरिकों की सादगी और मेहनत की सराहना करते हुए उन्हें छोड़ने पर भावुकता जताई।

इधर लोहरदगा में कुमार ताराचंद ने 42वें उपायुक्त के रूप में पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर निवर्तमान उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने उन्हें पदभार सौंपा। नए उपायुक्त ने जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि जैसे क्षेत्रों में विकास को प्राथमिकता देने की बात कही।

************************

चाईबासा में भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता जे बी तुबिद ने सरना धर्म कोड को अव्यवहारिक बताते हुए इसे आदिवासी समाज की विविध सांस्कृतिक परंपराओं के लिए घातक बताया। उन्होंने कहा कि इस विषय पर व्यापक विमर्श जरूरी है, न कि इसे राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल किया जाए। उन्होंने झामुमो और कांग्रेस पर ओछी राजनीति करने और जनजातीय समाज की भावनाओं से खिलवाड़ करने का आरोप लगाया। तुबिद ने राज्य सरकार की स्थानीय नीति की विफलता को लेकर भी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि भाजपा आदिवासियों की सांस्कृतिक अस्मिता और सतत विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

************************

चक्रधरपुर मंडल के अंतर्गत के – केबिन – राउरकेला जॉइंट लाइन के बीच पटरियों के निलंबन के कारण ट्रेन संख्या 18175 हटिया –झारसुगुड़ा मेमू एक्सप्रेस आज रद्द रहेगी।

************************

कोडरमा तिलैया राजगीर रेल लाइन का कार्य अगले साल फ़रवरी तक पूरा कर लिया जाएगा। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

************************

पाकुड़ नगर थाना क्षेत्र के बड़ी अलीगंज मुहल्ले में छापेमारी कर पुलिस ने 3 किलो 375 ग्राम अवैध मादक पदार्थ के साथ कारोबारी को गिरफ्तार किया है। एसडीपीओ दयानंद आजाद ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि एसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई।

*********समाप्त*********